जी हाॅ ।

मा0 मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत संदर्भ संख्या-18179210102619 जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त हुआ है। पोर्टल पर प्राप्त होने वाले संदर्भो के पंजीकरण में 14 अंक होते हैं। शिकायत संदर्भ संख्या-400179922009377(15 अंक) एवं 400179220062 (12 अंक) त्रृटिपूर्ण/अपूर्ण हैं ।

शिकायत संदर्भ संख्या-18179210102619 में श्री राकेश कुमार यादव, ग्राम प्रधान ग्राम-गोपालपुर, ग्राम पंचायत- गोपालपुर, ब्लाक-पी0पी0 कमैचा, तहसील- लम्भुआ, जनपद- सुल्तानपुर उपखण्ड कार्यालय चांदा, लम्भुआ में बिल रिवीजन, बिना स्टीमेट पोल शिफ्टिंग से संम्बन्धित शिकायत की गयी थी, जिसके संबंध में अधीक्षण अभियन्ता, वि0वि0मं0, सुल्तानपुर के कार्यालय पत्रांक 677/वि0वि0मं0(सु0), दिनांक 25-05-2022 द्वारा जांच करायी गयी। जांच आख्या के अनुसार पोल शिफ्टिंग के मामले में अवर अभियन्ता व उपखण्ड अधिकारी दोषी नहीं है, जबकि बिल संशोधन की शिकायत के संबंध में किसी भी प्रकार का विवरण अथवा साक्ष्य शिकायतकर्ता द्वारा उपलब्ध न कराये जाने के कारण किसी भी प्रकार की कार्यवाही सम्भव नहीं है ।

जी हाॅ ।

उपरोक्तानुसार ।

**ए0 के0 शर्मा**

**ऊर्जा मंत्री**